एन.एस.एस. दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 20 अक्तूबर, 2018 को संभाग प्रथम के सभागार में एन.एस.एस. इकाइयों के अन्तर्गत एन.एस.एस. दिवस मनाने के उपलक्ष्य में अन्तः महाविद्यालय नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पलवल, फरीदाबाद व बल्लबगढ़ के 5 महाविद्यालयों की 10 इकाइयों के 36 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने भाग लियाने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक के एन.एस.एस. संयोजक डॉ. रणवीर सिंह गुलिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीपशिखा प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर बनाने के लिए स्वयं भी नैतिकवान और संस्कारी होना चाहिए। महान इंसान वही है जो शोषित–पीड़ित की सहायता करने वाला व मानवता का समर्थक हो। महाविद्यालय प्राचार्य व जिला संयोजक, डॉ. कृष्णकांत गुप्ता ने कहा शरणम्, सिमरण और मौन जो इस तीनों को अपना लेता है वह बहुत सी कठिनाईयों से बच सकता है। जहाँ आवश्यक हो वहीं बोलना चाहिए इससे आपकी ऊर्जा बची रहती है उसे आप सकारात्मक कार्यों में लगा सकते हो। हमें अपने मूल्यों को बनाए रखना चाहिए और उसे समाज में आंदोलन के रुप में फैलाना चाहिए। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों को ऐसा ही होना चाहिए। अंत में उन्होंने एन.एस.एस. स्वयंसेवकों की हौसला अफज़ाई करते हुए कहा की जीतना उतना ज़रुरी नहीं जितना की जीतने के लिए इच्छा शक्ति का होना ज़रुरी है।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती महिला महाविद्यालय, पलवल की सोनाली ने, द्वितीय स्थान जयंत मंचन्दा, पं. जे.एल.एन. महाविद्यालय एवं तृतीय स्थान वर्षा, के.एल.मेहता महाविद्यालय ने तथा सांत्वना पुरस्कार यशलवली, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने प्राप्त किया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनाली शर्मा, डी.ए.वी. शताब्दी महाविद्यालय ने, द्वितीय स्थान गीतिका अग्रवाल, महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने तथा तृतीय स्थान, सोनिया सरस्वती महिला महाविद्यालय एवं सांत्वना पुरस्कार निकिता, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ ने प्राप्त किया।

भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तान्या, पं. जे.एल.एन. महाविद्यालय ने, द्वितीय स्थान पर निकिता, अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ व तृतीय स्थान योगेश, जी.जी.डी.एस.डी. महाविद्यालय पलवल ने प्राप्त किया।

चलविजय ट्रॉफी पं. जे.एल.एन. राजकीय महाविद्यालय ने प्राप्त की। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन तीनों सेवा योजनाओं के कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया।